| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज |
|---|---|
| 19/11/2025 | पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उप०। तलबी अप्रार्थीगण नोटिस/सम्मन से की जाकर एवं वास्ते रिपोर्ट तहसीलदार बांदीकुई पत्रावली दिनांक 17/12/2025 को पेश हो।<br>[signature]<br>उप खण्ड अधिकारी<br>बांदीकुई (दौसा) |
| 17/12/25 | पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उप०। वास्ते रिपोर्ट एवं तलबी तहसीलदार बांदीकुई की जाकर पत्रावली दिनांक 21/01/26 को पेश हो।<br>[signature]<br>उप जिला मजिस्ट्रेट<br>बांदीकुई |
| 21/01/26<br>[signature] 21/01/2026 NTDR बांदीकुई | पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उप०। पैरोकार सरकार उप०। इस बाबत आदेशिका पर हस्ताक्षर किये। प्रार्थी वकील एवं पैरोकार सरकार द्वारा मूल प्रा०पत्र पर बहस की गयी। बहस पर मनन किया। पत्रावली का अवलोकन किया गया। अत: बहस उभय पक्ष पर मनन करने एवं पत्रावली के अवलोकन के आधार पर प्रार्थी प्रा०पत्र अंतर्गत धारा 128 LRAct स्वीकार किया जाता है। विस्तृत निर्णय पृथक से टंकित करवाया जाकर शामिल पत्रावली किया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।<br>[signature] 21/1/26<br>उप खण्ड अधिकारी<br>बांदीकुई (दौसा) |

न्यायालय उप जिला कलक्टर एवं उप जिला मजिस्ट्रेट बांदीकुई (दौसा)
PH:-01420-228487
E-Mail:-sdo-ban-dau-rj@nic.in

प्रकरण संख्या :–98 / 2025
प्रकरण दायर दिनांकः– 15.07.2025
प्रकरण निर्णय दिनांकः–21.01.2026

उनवान

1. गुरूसहाय पुत्र रामगोपाल सैनी जाति सैनी निवासी झील की ढाणी नन्देरा तहसील बांदीकुई जिला दौसा

.............प्रार्थी

**बनाम**

1. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार तहसील बॉदीकुई जिला दौसा

.........अप्रार्थी

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128, 111 रा० लै० रे० एक्ट, स्थायी सीमा चिन्ह ''पत्थरगढी किये जाने बाबत**

प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 रा० लै० रे० एक्ट, इस आशय से पेश किया कि गुरूसहाय पुत्र रामगोपाल सैनी जाति मी निवासी झील की ढाणी नन्देरा तहसील बॉदीकुई जिला दौसा प्रार्थी के कब्जे काश्त एव खातेदारी की भूमि खाता संख्या नया 28 पुराना 26 के खसरा नम्बर 100 रकबा 0.12 है0, खसरा नम्बर 139 रकबा 0.14 है०, खसरा नम्बर 143 रकबा 0.10 है०, खसरा नम्बर 88 रकबा 0.20 है०, खसरा नम्बर 89 रकबा 0.16 है०, खसरा नम्बर 97 रकबा 0.01 है०, खसरा नम्बर 98 रकबा 0.02 है०, खसरा नम्बर 99 रकबा 0.09 है०, कुल किता 8 कुल रकबा 0. 84 है० स्थित ग्राम झील की ढाणी नन्देरा तहसील बॉदीकुई जिला दौसा में है जिसको आगे चलकर भूमि मुतदाविया के नाम से सम्बोधित किया जावेगा। तहसीलदार बॉदीकुई के आदेश कमांक / भू0अ0 / 2025 / 2136 दिनांक 15.05.2025 की पालना में ग्राम झील की ढाणी नन्देरा तहसील बॉदीकुई जिला दौसा में स्थित आराजी खसरा नम्बर 100, 139, 143, 88, 89, 97, 98, 99, स्थित झील की ढाणी नन्देरा तहसील बॉदीकुई जिला दौसा के मौके पर सीमाज्ञान हेतु दिनांक 06.06.2025 को हल्का पटवारी नन्देरा, मौके पर पहुंची। सर्वप्रथम ग्राम झील की ढाणी में स्थित भूमि खसरा नम्बर 97 गै० मु० चाह एवम खसरा नम्बर 109 गै० मु० चाह एवम खसरा नम्बर 88, 86, 151 के मध्य तिमेडा का जरीब चलाकर आपस में सत्यापन किया गया जो सही पाये गये उक्त मुस्तकिल बिन्दुओ को आधार मानकर उक्त खसरा नम्बर 100, 139, 143, 88, 89, 97, 98, 99 की समस्त भुजाओ का सीमाकंन कर समस्त कौने कायम किये गये कायम किये गये कोनो पर प्रार्थी को करवाया गया एवम मौके पर उपस्थित प्रार्थना पत्र देहन्दा को निशानात से अवगत करवाया एवम लगवाये गये निशानात से प्रार्थना पत्र देहन्दा को अवगत करवाया। मौका पर्चा पढकर सुनाया गया एवम हस्ताक्षर करवाये

Scanned with OKEN Scanner

गयें । भूमि के पडोसी काश्तकारान जो कि काफी खूँखार व्यक्ति है जिनके द्वारा धनबल व लाठी के बल पर राजस्व कर्मचारियों के द्वारा किये गये निशानात को हटा दिये तथा राजस्व कर्मचारियों के द्वारा लगाये गये चिन्हो को हटाकर प्रार्थी की भूमि में घुसने पर आमादा है इसलिये भूमि का स्थायी समाधान के लिये भूमि की पत्थरगढी करवाया जाना आवश्यक है ताकि भविष्य में प्रार्थी की आराजीयात की सीमाओं को लेकर कोई विवाद उत्पन्न ना हो तथा सीमा विवाद का स्थायी समाधान हो सकें । इस कारण प्रार्थी को प्रार्थना पत्र पेश करना लाजीम आया है। प्रार्थी शांतिप्रिय कानून का सम्मान करने एव पालन करने वाला व्यक्ति है कानूनन प्रार्थी अपनी आराजीयात के सीमा विवाद के स्थायी समाधान के लिये पत्थरगढी करवाने का कानूनन हकदार है । प्रार्थी की कब्जे काश्त खातेदारी की भूमि ग्राम झील की ढाणी नन्देरा तहसील बॉदीकुई जिला दौसा में स्थित है जो कि श्रीमान की सकूनत क्षेत्र का गांव है इसलिये प्रार्थना पत्र की सुनवायी का श्रवणाधिकार न्यायालय हाजा को प्राप्त है अतः प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र पेश कर निवेदन है कि अप्रार्थी संख्या 1 को इस अमर से आदेशित किया जावे कि वे प्रार्थी की भूमि खाता संख्या नया 28 पुराना 26 के आराजी खसरा नम्बर 100, 139, 143, 88, 89, 97, 98, 99, स्थित झील की ढाणी नन्देरा तहसील बॉदीकुई जिला दौसा की बाबत दिनांक 06.06.2025 को कायम किये गये निशानात के अनुसार मय पुलिस इमराद के पत्थरगढी किये जाने के आदेश फरमाये जावें ।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर कर तलबी अप्रार्थी जर्ये नोटिस विधिवत की गयी। पैरोकार सरकार नायब तहसीलदार बांदीकुई उपस्थित। प्रकरण में बहस प्रार्थीगण वकील एवं पैरोकार सरकार सुनी गयी। प्रार्थीगण वकील ने बहस में प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों का दोहरान किया। हमने बहस उभयपक्ष पर मनन किया। प्रार्थीगण प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों एवं संलग्न दस्तावेजात राजस्व जमाबंदी संवत 2074–77 ग्राम झील की ढाणी खाता सं. नया 28 पुराना 26 कुल किता 08 कुल रकबा 0.84 हैक्टे. मौका पर्चा सीमाज्ञान ग्राम झील की ढाणी दिनांकः 06.06.2025 का अवलोकन किया गया। राजस्व जमाबंदी संवत 2074–77 ग्राम झील की ढाणी खाता सं. नया 28 पुराना 26 के प्रार्थी रिकार्डेड खातेदार काश्तकार हैं। मौका पर्चा सीमाज्ञान ग्राम झील की ढाणी दिनांक 06.06.2025 के अनुसार वादग्रस्त भूमि का सीमाज्ञान हो चुका है। सीमाज्ञान/सीमाचिन्ह व पत्थरगढी विधिवत करने में बाधा का कोई कारण नहीं है। भूमि सुरक्षा हेतु सीमाज्ञान/सीमाचिन्ह व पत्थरगढी निर्धारित कराने का प्रार्थीगण को एल.आरएक्ट. प्रावधानों के अंतर्गत अधिकारात प्राप्त है। अतः प्रार्थी वकील बहस पर मनन करने एवं प्रार्थी प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों एवं संलग्न दस्तावेजात राजस्व जमाबन्दी, मौका–पर्चा सीमाज्ञान ग्राम झील की ढाणी दिनांक 06.06.2025 के अवलोकन के आधार पर प्रार्थी प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 128 एल.आर.एक्ट. स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत होता है।

अतः प्रार्थी प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 128 एल. आर. एक्ट स्वीकार किया जाता है तथा तहसीलदार बांदीकुई को आदेश दिये जाते है कि प्रार्थी की भूमि काश्त खतौनी संख्या नया 28 पुराना 26 के आराजी खसरा नंबर 100, 139, 143, 88, 97, 98, 99 ग्राम झील की ढाणी नंदेरा तहसील बांदीकुई जिला दौसा की मुताबिक मौका–पर्चा सीमाज्ञान

[signature]

Scanned with OKEN Scanner

ग्राम झील की ढाणी दिनांक 06.06.2025 के विधिवत पत्थरगढी मय राजस्व टीम भू. अ. निरीक्षक, पटवारी की गठित कर करावें। पत्थरगढी के दौरान मौके पर कानून व्यवस्था/शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक पुलिस जाप्ता थानाधिकारी बॉदीकुई से प्राप्त करें। थानाधिकारी बॉदीकुई वांछित पुलिस जाप्ता तहसीलदार बांदीकुई को उपलब्ध करावें। पालना हेतु तहसीलदार बांदीकुई को तहरीर जारी हो। प्रकरण फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय सुनाया गया।

21/1/26

(रामसिंह राजावत)
आर.ए.एस.
उपखण्ड अधिकारी
बांदीकुई

Scanned with OKEN Scanner